University in News on 05 October 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : अंतिम शनिवार समाधान दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि अब महीने के हर अंतिम शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन करेगा। इसमें सभी अधिकारी और शिक्षक प्रशासनिक, छात्र हित से जुड़े मामलों की सुनवाई कर तय समय में निस्तारित करेंगे।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार के निर्देश पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया। शनिवार को अवकाश होने पर समाधान दिवस शुक्रवार को होगा।

जारी पत्र में कहा गया कि सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, प्रभारी समन्वयक, कुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, उप कुलसचिव, लेखाधिकारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण, प्रोवोस्ट, अधिष्ठाता शोध, कुलानुशासक, कार्य अधीक्षक व निर्माण अधीक्षक अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर समस्याओं पर विचार करते हुए उनका हल निकालेंगे। इसके लिए रजिस्टर भी बनाने को कहा गया है, जिसमें आने वाली शिकायतों व इनके निस्तारण को दर्ज किया जाएगा।

छात्रों की समस्याओं का किया जाएगा निस्तारण

सूची में लविवि के इन शिक्षकों ने बनाई जगह

प्रो. अभिनव कुमार- रसायन विज्ञान, प्रो. अमृतांशु शुक्ल- फिजिक्स, डॉ. रोली वर्मा- फिजिक्स, प्रो. ओमकार- जूलॉजी विभाग से सेवानिवृत्त, स्वर्गीय प्रो. आईवी सिंह- भूगर्भ विज्ञान

डॉ. नीरज जैन प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस

लखनऊ। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शारीरिक शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. नीरज जैन को प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस नियुक्त किया है। ऐसे में वे फिर से विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे, जिसके लिए विवि उन्हें पारिश्रमिक भी देगा। (संवाद)

लविवि ने जारी किए पांच कोर्सों के परिणाम

लखनऊ। लविवि ने बुधवार को पांच पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित किए। एमए ज्योतिर्विज्ञान, बीसीए कंप्यूटर साइंस, बीएससी एजी, एमए पार्शियन व एलएलबी तीन वर्ष के चौथे सेमेस्टर के परीक्षा जारी किए गए हैं। (संवाद)

LU के चार छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चार छात्रों को चयनित किया गया है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ.हिमांशु ने बताया कि एप्टिट्यूड टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और पैनल डिस्कशन के बाद बीटेक के कंप्यूटर साइंस एवं इंजिनियरिंग स्ट्रीम के हर्षित कटियार, हिमांशु मिश्रा, प्रियांशी राय और स्वप्निल राय का असोसिएट सॉफ्टवेयर डिवेलपर के पद पर चयन हुआ। कंपनी की ओर से छात्रों को 7.5 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज का ऑफर मिला है।

प्री पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा 12 व 13 को

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स हेड ने बुधवार को प्री पीएचडी कोर्स वर्क में एनॉलिटिकल टेक्निक फॉर बिजनेस रिसर्च और कंटम्फ्रेरी इश्यू ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस स्टडीज के मिड सेमेस्टर परीक्षा की डेट जारी की। यह परीक्षा 12 और 13 अक्टूबर को करवाई जाएगी। छात्र यूनिवर्सिटी वेबसाइट से परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पांच कोर्स के परिणाम घोषित किए: एलयू ने बुधवार को एमए, बीसीए, बीएससी एग्रीकल्चर, एमए और एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स के चौथे सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए। स्टूडेंट्स एलयू की वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं।

NBT PAGE 4

प्रवेश पक्का | एलयू में आठ पदक विजेता खिलाड़ियों ने पूरी की प्रक्रिया

सुपर न्यूमेरिक से 14 खिलाड़ियों को ऐडमिशन

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी में सत्र 2023-24 में राज्य से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले 14 खिलाड़ियों का सुपर न्यूमेरिक आधार पर प्रवेश होगा। इसके तहत अब तक 3 इंटरनैशनल, 4 नेशनल और एक स्टेट के खिलाड़ियों ने यूनिवर्सिटी में ऐडमिशन फीस जमा कर अपने प्रवेश पक्का कर लिया है। ऐसे में कुल आठ खिलाड़ियों ने अभी तक फीस जमा की है, जबकि 6 खिलाड़ियों की प्रक्रिया अभी बाकी है।

जानकारी के मुताबिक, एलयू प्रत्येक वर्ष स्टेट से लेकर इंटरनैशनल लेवल पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सुपर न्यूमेरिक आधार पर प्रवेश देता है। इस साल ताइक्वांडो में इंटरनैशनल लेवल पर गोल्ड जीत चुकीं दिव्यांशी अग्रवाल ने बीए(एनईपी) में प्रवेश लिया है। वहीं इंटरनैशनल लेवल पर सिल्वर मेडल जीतने वाले दो खिलाड़ियों प्रांजलि प्रजापति (लॉन टेनिस) ने बीकॉम ऑनर्स और सुहानी शर्मा (ताइक्वांडो) ने बीएससी मैथ्स में प्रवेश लिया है।

ये मिलती हैं सुविधाएं

सुपर न्यूमेरिक में सीटों की गिनती नहीं होती। स्थाई क्षमता के अतिरिक्त सुपर न्यूमेरिक के आधार पर अलग से स्टेट, नेशनल और इंटरनैशनल खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाता है। प्रवेश के समय यह साफ होता है कि यह खिलाड़ी आगे भी अपना खेल जारी रखेंगे। ऐडमिशन फीस जमा करने के बाद यह खिलाड़ी यूनिवर्सिटी के बोनाफाइड छात्र हो जाते हैं जिस आधार पर इन छात्रों को सुविधाएं दी जाती हैं। यूनिवर्सिटी में स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी प्रत्येक वर्ष प्रवेश लेते हैं। इसके तहत स्टेट लेवल खेलने वाले खिलाड़ी की ट्यूशन फीस माफ होती है। नेशनल लेवल जीतने वाले खिलाड़ी को पूरी फीस, हॉस्टल फीस और मेस फीस में छूट मिलती है। वहीं, यूनिवर्सिटी से पढ़ाई के दौरान इंटर नेशनल लेवल पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी को पूरा टीए और एक्मोडेशन का खर्च दिया जाता है।

इन्हें मिला दाखिला

इंटरनेशनल खिलाड़ियों में दिव्यांशी अग्रवाल (ताइक्वांडो-गोल्ड)- बीए एनईपी, प्रांजलि प्रजापति (लॉन टेनिस-सिल्वर)- बीकॉम ऑनर्स और सुहानी शर्मा (ताइक्वांडो-सिल्वर)- बीएससी मैथ्स। **नेशनल** खिलाड़ियों में विवेक शर्मा (शूटिंग-फर्स्ट)- बीए एनईपी, प्रियांशी जुगरन (ताइक्वांडो-गोल्ड)- बीकॉम, अनामिका (फेंसिंग-फर्स्ट)- बीए एनईपी, प्रियंका पटेल (एथलेटिक-गोल्ड)- बीवीए/बीएफए

स्टेट खिलाड़ियों में सुरेष्ठ राज सिंह (पॉवर लिफ्टिंग-फर्स्ट)- एलएलबी पांच वर्षीय

> *सुपर न्यूमेरिक आधार पर प्रवेश के लिए 65 आवेदन आए थे। छंटनी के बाद 14 आवेदन पर विचार कर ऐडमिशन प्रोसेस के लिए भेजा गया है। अभी तक सिर्फ आठ खिलाड़ियों के ही प्रवेश कंफर्म हुए हैं।*
>
> *- डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता, एलयू*

आईएमएस ने एमबीए छात्रों का किया स्वागत

■ एनबीटी, लखनऊ: एलयू के इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) में बुधवार को नव प्रवेशित एमबीए छात्रों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वतौर मुख्य अतिथि विजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के प्रमुख प्रो. संजय मेधावी और वतौर विशिष्ट अतिथि प्रो. रितु नारंग शामिल रहे। इस मौके पर छात्रों का स्वागत कर उन्हें करियर और नैतिक नेतृत्वके लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने आईएमएस न्यूजलेटर और आईएमएस बज का अनावरण भी किया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लोगो मेकिंग प्रतियोगिता में शशांक रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में लोगो मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सौ से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र शशांक कुमार प्रथम, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की चतुर्थ वर्ष की छात्रा अनन्या वर्मा एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र संगम शर्मा उपविजेता रहे। प्रतियोगिता का आयोजन एंटरप्रेन्योरशिप सेल के इंचार्ज इंजीनियर हिमांशु शुक्ला की ओर से किया गया। अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने विजयी छात्रों को चेक एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया।

कक्षा में छात्रों की बातचीत

से होता है ज्ञान का सृजन : राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली के बारे में सोचना है। कक्षा वह स्थान है जहां छात्रों की बातचीत से ज्ञान का सृजन होता है।

रचनात्मकता और नवीनता के साथ ज्ञान को विकसित करना चाहिए। यह बातें लखनऊ विश्वविद्यालय में एमबीए के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में प्रोफेसर संजय मेधावी ने कही। उन्होंने कहा कि आज भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ नवाचार को विकसित कर रहा है लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बजाय वास्तविक बुद्धिमत्ता अधिक मूल्यवान है। इस दौरान प्रो. विनीता काचर, प्रो. रितु नारंग, डॉ. अमिताभ रॉय आदि मौजूद रहे।

स्पेलिंग प्रतियोगिता में छात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर की कक्षा-10 की छात्रा पलक वर्मा ने विज नेशनल स्पेल बी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक अर्जित किया है। इसके लिए नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र, मेडल, ट्राफी व दस हजार रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी ने छात्रा की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने अंग्रेजी ज्ञान का प्रदर्शन किया।

कला उत्सव में छात्रों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

अमृत विचार, लखनऊ : जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता होने के बाद एसकेडी अकादमी के अनेकों विद्यार्थियों ने मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं के दूसरे चरण में भाग लिया एवं चार बच्चों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जिसमें व्योम श्रीवास्तव, समृद्धि सिंह को लोक संगीत प्रतियोगिता में प्रथम, स्निग्धा मालवीय को शास्त्रीय नृत्य में प्रथम स्थान एवं कृष्ण वर्मा को गिटार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। निदेशक मनीष सिंह एवं सभी प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों के भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

प्रतिभा

- **प्रोफेसर संजय मेधावी ने कहा- कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बजाय वास्तविक बुद्धिमत्ता अधिक मूल्यवान**

HINDUSTAN PAGE 6

विधि छात्रों को एक्ट की जानकारियां दीं

लखनऊ। एलयू नवीन परिसर विधि में संकाय में मध्यस्थता अधिनियम, 2023 और लखनऊ, उत्तर प्रदेश में मध्यस्थता का दायरा पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट, मध्यस्थता, सुलह केंद्र सचिव बुलबुल गोदियाल ने संसद से पारित मध्यस्थता अधिनियम पर विशेष जानकारियां दीं। अधिनियम से जुड़े अनेक पहलुओं से छात्रों को परिचित कराया। मध्यस्थता की जरूरत पर उन्होंने बताया कि किस प्रकार सुप्रीम कोर्ट और अन्य उच्च न्यायालयों ने मध्यस्थता की अहमियत समझाते और दर्शाते हुए 20 वर्षों में कई फैसले दिए। उन्होंने बताया कि भारत में प्राचीन काल से मध्यस्थता प्रचलित है।

चार छात्रों का कनाडा की कंपनी में चयन

लखनऊ। एलयू के अभियांत्रिकीय, तकनीकी संकाय में प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान चार छात्रों का चयन हुआ। सभी का चयन कैनाडियन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी सोटी में एसोसिएट सॉफ्टवेयर डेवलपर पर हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि बीटेक कंप्यूटर साइंस के हर्षित कटियार, हिमांशु मिश्रा, प्रियांशी राय, स्वप्निल राय को 7.5 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर दिया है।

एआई से ज्यादा मूल्यवान वास्तविक बुद्धिमत्ता

लखनऊ। एलयू में आईएमएस के नवप्रवेशित एमबीए छात्रों का ओरिएंटेशन हुआ। यहां पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. संजय मेधावी मुख्य अतिथि, प्रो. रितु नारंग विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि ने बताया कि भारत एआई के साथ नवाचार विकसित कर रहा है लेकिन एआई के बजाय वास्तविक बुद्धिमत्ता ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने आईएमएस न्यूजलेटर और आईएमएस बज का अनावरण किया।

लोगो मेकिंग के विजेता बने शशांक कुमार

लखनऊ। एलयू के अभियांत्रिकी, तकनीकी संकाय के एंटरप्रेन्योरशिप सेल की ओर से लोगो मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (एआई) के तृतीय वर्ष के शशांक को पहला पुरस्कार मिला। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की चतुर्थ वर्ष की छात्रा अनन्या वर्मा, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र संगम शर्मा उपविजेता रहे।

i-NEXT PAGE 6

मिड सेमेस्टर एग्जाम 12 से

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने एग्जाम डेट घोषित की

LUCKNOW (4 Oct): लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने प्री पीएचडी कोर्स वर्क-2022-23 की मिड सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथि जारी कर दी. यह परीक्षा 12 व 13 अक्टूबर को दोपहर दो से तीन बजे तक होगी. विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राम मिलन ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है.

चार छात्रों का चयन

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के चार छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट कैनाडियन, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी सोटी में हुआ. प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयनित होने वालों में बीटेक कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के हर्षित कटियार, हिमांशु मिश्रा, प्रियांशी राय और स्वप्निल राय शामिल हैं.

लोगो मेकिंग में जीत गए शशांक

लखनऊ यूनिवर्सिटी में कंटीशन का आयोजन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (4 Oct): लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के एंटरप्रेन्योरशिप सेल की ओर से एक कंपनी के लोगो को डिजाइन करने के लिए बुधवार को एक लोगो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (एआई) तीसरे वर्ष के छात्र शशांक कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया है. कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग चौथे वर्ष की छात्रा अनन्या वर्मा एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तीसरे वर्ष के छात्र संगम शर्मा उप विजेता रहे. डीन प्रोफेसर एके सिंह ने विजयी छात्र को चेक एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया और उनका आत्मविश्वास बढ़ाया.

प्रोफेसर ऑफ ऐमिनेंस बने डॉ. नीरज जैन

लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त पूर्व समन्वयक डॉ. नीरज जैन फिर से अपनी सेवाएं देंगे. कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के अनुमोदन पर उन्हें प्रोफेसर आफ एमिनेंस के अंतर्गत अध्यापन कार्य के लिए नियुक्त किया गया है. उन्हें प्रति व्याख्या 500 रुपये की दर से अधिकतम 25 हजार रुपये प्रतिमाह सत्र 2023-24 तक दिया जाएगा.

नेतृत्व विकसित करने पर जोर

LUCKNOW (4 Oct): लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) ने नए प्रवेशित एमबीए के छात्र-छात्राओं के लिए बुधवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया. मुख्य अतिथि के रूप में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के प्रमुख संजय मेधावी और प्रोफेसर रितु नारंग उपस्थित रहीं. ओएसडी प्रोफेसर विनीता काचर ने उद्यमिता और नेतृत्व विकसित करने पर जोर दिया.

प्री पीएचडी कोर्स वर्क मिड सेमेस्टर परीक्षा 12 से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने प्री पीएचडी कोर्स वर्क-2022-23 की मिड सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथि जारी कर दी। यह परीक्षा 12 व 13 अक्टूबर को दोपहर दो से तीन बजे तक होगी। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राम मिलन ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है। (जासं)

JAGRAN CITY PAGE III

लोगो मेकिंग में तीसरे वर्ष के शशांक कुमार विजेता

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के एंटरप्रेन्योरशिप सेल की ओर से एक कंपनी के लोगो को डिजाइन करने के लिए बुधवार को 'लोगो मेकिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (एआइ) तीसरे वर्ष के छात्र शशांक कुमार ने प्रथम और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग चौथे वर्ष की छात्रा अनन्या एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तीसरे वर्ष के छात्र संगम उप विजेता रहे। डीन प्रो. एके सिंह ने विजयी छात्र को चेक एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। (जासं)

लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच शिक्षक भी सूची में

जासं, लखनऊ : स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने सोमवारतीसरी ने बुधवार को विश्व के शीर्ष-2(स्टाट सेलन) शिप जाने वाले वैज्ञानिकों का 2023 का डेटाबेस जारी कर दिया। विज्ञान और इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं में दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच शिक्षकों ने भी जगह बनाई है। एक सूची एच-इंडेक्स, शोधकार्य में रस-लेखकों की संख्या, विभिन्न लोधपत्रों में उद्धरण आदि विभिन्न मापदंडों के आधार पर विभिन्न वैज्ञानिकों की ओर से किए गए शोध कार्य के प्रभाव को दर्शाती है। दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में लोक के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर अमृतांशु शुक्ल, डा. रोली वर्मा, रसायन विज्ञान

प्रो. अमृतांशु शुक्ल | प्रो. अभिनव कुमार | डा. रोली वर्मा | प्रो. ओमकार

एमबीए के छात्र-छात्राओं का हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) ने नए प्रवेशित एमबीए के छात्र-छात्राओं के लिए बुधवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि के रूप में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के प्रमुख संजय मेधावी और प्रोफेसर रितु नारंग उपस्थित रहीं। ओएसडी प्रोफेसर विनीता काचर ने उद्यमिता और नेतृत्व विकसित करने पर जोर दिया। (नवा)

प्रोफेसर आफ एमिनेंस बने डॉ. नीरज जैन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त पूर्व समन्वयक डा. नीरज जैन ने अपनी सेवा देंगे। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने अनुमोदन कर उन्हें प्रोफेसर आफ एमिनेंस प्रोफेसर ओमकार के नाम रद , प्रोफेसर आईवी सिंह का नाम शामिल किया गया है।



डा. नीरज जैन

एम.लिव, एम.पीएच में सीट आवंटन जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार शाम को एम.लिब और एम.पीएच पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुलपति को उपलब्ध सीटों के स्वरूप आवंटन जारी कर दिया है। अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी, पासवर्ड के माध्यम से सीट आवंटन देख सकते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो .आलोक कुमार राय बुधवार को सुबह सांख्यिकी विभाग का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान छात्र वलास में थे, लेकिन शिक्षक नहीं। कुलपति ने पाया कि शिक्षक अभी नहीं आए हैं, तो स्टेटिस्टिकल क्वालिटी कंट्रोल विषय की क्लास तब तक स्थगित रही, जब तक शिक्षक नहीं आए। ■ सौ: लवि

विश्व वैज्ञानिकों की सूची में लविवि के पांच प्रोफेसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच प्रोफेसरों के नाम हैं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा इस सूची में शोध योगदान और प्रभाव के आधार पर वैज्ञानिकों की रैंकिंग तय की जाती है।

सूची में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. अभिनव कुमार ने कार्बनिक रसायन विज्ञान के क्षेत्र में, प्रो. अमृतांशु शुक्ला ने परमाणु और कण भौतिकी के क्षेत्र में और डॉ. रोली वर्मा ने ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स एवं फोटोनिक्स के क्षेत्र में विशिष्टता हासिल की है। हमारे वरिष्ठ सेवानिवृत्त संकाय को भी इस सूची में जगह मिली है, प्रो. ओमकार, जो वर्तमान में एमिनेंस के प्रोफेसर हैं, को कीट विज्ञान (जूलॉजी) के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मान्यता दी गई है। दिवंगत प्रो. आईवी सिंह को भूविज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मान्यता दी गई है। उनके अभूतपूर्व शोध और विद्वतापूर्ण कार्यों का उनके क्षेत्रों पर गहरा प्रभाव पड़ा है, जिससे वे दुनिया भर में ज्ञान की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन गए हैं। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय उन प्रत्येक संकाय सदस्यों को हार्दिक बधाई देता है जिनके नाम स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की सूची में शामिल हैं। अनुसंधान के प्रति उनके समर्पण, दृढ़ता और जुनून ने ने केवल हमारे संस्थान को गौरवान्वित किया है, बल्कि अपने संबंधित क्षेत्रों की उन्नति में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी उपलब्धियां हमारे छात्रों और पूरे शैक्षणिक समुदाय के लिए प्रेरणा का काम करती हैं। विश्वविद्यालय एक जीवंत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण करने और ज्ञान और नवाचार की खोज में अपने संकाय सदस्यों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में अपने असाधारण वर्तमान संकाय से और अधिक उपलब्धियां और सफलताएं देखने के लिए उत्सुक हैं।

गौरवान्वित

- **स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय ने जारी की दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची**

एमए, एलएलबी सम सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमए, बीसीए, बीएससी, एम और एलएलबी तीन वर्षीय सम सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी कर दिया है। परीक्षाफल विवि की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

चार छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चार छात्रों का कनाडियन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी सोटी में प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी की ओर से आयोजित एप्टीट्यूड टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू एवं पैनल डिस्कशन को उत्तीर्ण कर बीटेक (कंप्यूटर साइंस एवम् इंजीनियरिंग) के चार छात्रों में हर्षित कटियार, हिमांशु मिश्रा, प्रियांशी राय और स्वप्निल राय का चयन एसोसिएट सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर हुआ। कम्पनी ने छात्रों को 7.5 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो.एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। सोटी एक प्रोडक्ट बेस्ड कंपनी है जो बिजनेस मोबिलिटी और आईओटी सलूशन्स को अधिक स्मार्ट, तेज़ और विश्वसनीय बनाने के लिए एक सिद्ध प्रवर्तक और उद्योग अग्रणी है।

PIONEER PAGE 3

शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में एलयू के चार शिक्षक शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा जारी दुनिया भर के शीर्ष 2 फीसद वैज्ञानिकों की सूची में लखनऊ विश्वविद्यालय ने भी अपनी जगह बनाई है। विवि के चार शिक्षकों को दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है।

इस उपलब्धि पर विवि की तरफ से जारी संदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालय अपने सम्मानित संकाय सदस्यों द्वारा एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को बताते हुए प्रसन्न है। विश्वविद्यालय के अतीत और वर्तमान दोनों प्रोफेसरों ने दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों के बीच अति सम्मानजनक स्थान अर्जित किया है। विशिष्ट सूची में हमारे संकाय को शामिल करना उनके संबंधित शैक्षणिक विषयों और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में उनके उत्कृष्ट योगदान को उजागर करता है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की सूची में जिन्हें शामिल किया गया है उनमें प्रो. अभिनव कुमार कार्बनिक रसायन विज्ञान के क्षेत्र में, प्रो अमृतांशु शुक्ला परमाणु और कण भौतिकी के क्षेत्र में और डॉ रोली वर्मा ने ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स और फोटोनिक्स के क्षेत्र में विशिष्टता हासिल की है। विशिष्ट सेवानिवृत्त संकाय सदस्य में प्रो ओमकार को भी शामिल किया गया है, जो वर्तमान में एमिनेंस के प्रोफेसर हैं। वहीं दिवंगत प्रो आईवी सिंह को भूविज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मान्यता दी गई है। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय उन प्रत्येक संकाय सदस्यों को हार्दिक बधाई देता है जिनके नाम स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की सूची में शामिल हैं। अनुसंधान के प्रति उनके समर्पण, दृढ़ता और जुनून ने ने केवल हमारे संस्थान को गौरवान्वित किया है, बल्कि अपने संबंधित क्षेत्रों की उन्नति में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी उपलब्धियां हमारे छात्रों और पूरे शैक्षणिक समुदाय के लिए प्रेरणा का काम करती हैं। विश्वविद्यालय एक जीवंत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण करने और ज्ञान और नवाचार की खोज में अपने संकाय सदस्यों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में अपने असाधारण वर्तमान संकाय से और अधिक उपलब्धियां और सफलताएं देखने के लिए उत्सुक हैं।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

कुलपति ने दी शिक्षकों को बधाई

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रोफेसर को पिछले दिनों एक सूची में स्थान मिला है। इस प्रतिष्ठित सूची में प्रो.अभिनव कुमार ने कार्बनिक रसायन विज्ञान के क्षेत्र में, प्रो. अमृतांशु शुक्ला ने परमाणु और कण भौतिकी के क्षेत्र में और डॉ. रोली वर्मा ने ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स और फोटोनिक्स के क्षेत्र में विशिष्टता हासिल की है। हमारे वरिष्ठ सेवानिवृत्त संकाय को भी इस सूची में जगह मिली है, प्रो. ओमकार, जो वर्तमान में एमिनेंस के प्रोफेसर हैं, को कीट विज्ञान (जूलॉजी) के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मान्यता दी गयी है और दिवंगत प्रो. आईवी सिंह को भूविज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मान्यता दी गयी है। उनके अभूतपूर्व शोध और विद्वतापूर्ण कार्यों का उनके क्षेत्रों पर गहरा प्रभाव पड़ा है, जिससे वे दुनिया भर में ज्ञान की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन गये हैं।

आईएमएस का ओरिएंटेशन प्रोग्राम

लखनऊ। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने नए प्रवेशित एमबीए छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं प्रो. विनीता काचर की प्रोफेसर. संजय मेधावी, प्रोफेसर. रितु नारंग मौजूद रही । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, कुलगीत गायन के साथ हुई।

लोगो मेकिंग प्रतियोगिता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के एंटरप्रेन्योरशिप सेल द्वारा एक कंपनी के लोगो को डिजाइन करने के लिए 'लोगो मेकिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (ए.आइ.) के तृतीय वर्ष के छात्र शशांक कुमार ने प्रथम स्थान, कंप्यूटर साइंस